मध्यप्रदेश शासन,

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग,

मंत्रालय, भोपाल

: आदेश :

भोपाल, दिनांक 08 /01/2016

क्रमांक एफ 16-21/2015/ बी-ग्यारह : राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि मेसर्स इण्डस मेगा फूड पार्क प्रा.लि. का लगभग रूपये 127.70 करोड़ की परियोजना लागत से ग्राम पनवा, जिला खरगोन में निजी क्षेत्र अंतर्गत फूड पार्क स्थापना संबंधी प्रस्ताव को निम्नानुसार सुविधाएं दी जावे :-

1. मेगा फूड पार्क में दिनांक 30.11.2017 तक व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ करने वाली खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ करने से 5 वर्ष तक प्रथम 25 प्रतिशत यूनिट विद्युत खपत पर रूपये 1.50 प्रति यूनिट अनुदान उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा दिया जावे। विद्युत प्रदाय हेतु न्यूनतम मांग शुल्क से छूट हेतु उर्जा विभाग आगामी विद्युत टेरिफ आदेश में समुचित प्रावधान करने के लिए मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग को निर्देश जारी करें।
2. **स्टाम्प ड्यूटी में छूट/रियायत-** वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 अंतर्गत दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क में छूट/कमी हेतु जारी अधिसूचना क्रमांक एफ बी-4-29-2014-2- पांच (01), दिनांक 02 जनवरी, 2015 अनुसार पार्क अंतर्गत आने वाली खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को लाभ प्राप्त होगा।
3. **भूमि आवंटन-** पार्क से लगी हुई ग्राम पनवा तथा ग्राम बलखड़ी, तहसील कसरावद, जिला खरगोन में अवस्थित लगभग 40 एकड़ शासकीय भूमि को राजस्व विभाग द्वारा उद्योग विभाग के पक्ष में हस्तांतरित कर परियोजना के लिये आरक्षित किया जावे। आवश्यकतानुसार परियोजना को उक्त भूमि आवंटित की जावे।
4. **मेगा फूड पार्क के विकास हेतु सहायता राशि-** मेगा फूड पार्क के विकास हेतु प्रावधानित अधिकतम रूपये 5 करोड़ प्रतिपूर्ति सहायता राशि के लिये पार्क में 10 खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना तथा 250 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी शर्तो को शिथिल करते हुये विकासक को नीति अंतर्गत प्रावधानित राशि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा स्वीकृत की जावे।

_2

5. पार्क में स्थापित होने वाली खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को उद्योग संवर्धन नीति, 2014 अनुसार वेट एवं सीएसटी सहायता तथा प्रवेश कर से छूट दी जावे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(मोहम्मद सुलेमान)
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

पृ.क्रमांक एफ 16-21/2015/ बी-ग्यारह, भोपाल, दिनांक 08 /01/2016

प्रतिलिपि :-

1. प्रमुख सचिव, (समन्वय), मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/वाणिज्यिक कर/ ऊँर्जा विभाग/राजस्व विभाग/उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्रालय, भोपाल
3. उद्योग आयुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल
4. प्रबंध संचालक, म.प्र. ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लि. भोपाल
5. मेसर्स इण्डस मेगा फूड पार्क प्रा.लि. ग्राम पनवा, जिला खरगोन (म.प्र.)

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(व्ही.के.बरोनिया)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग